पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री, श्री एन0 डी0 तिवारी से भेंट की

लखनऊः 15 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज पूर्व मुख्यमंत्री, श्री नारायण दत्त तिवारी से माल एवेन्यू स्थित उनके आवास जाकर भेंट की।

राज्यपाल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में श्री नारायण दत्त तिवारी ने राजभवन आकर उनसे मिलने की इच्छा व्यक्त की थी। श्री तिवारी के स्वास्य और आयु को देखते हुए श्री नाईक ने स्वयं उनके आवास पर जाकर उनसे भेंट की। उन्होंने कहा कि श्री तिवारी स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल रह चुके हैं।

श्री नाईक ने इस अवसर पर श्री तिवारी के आवास पर एक आम का पौधा भी रोपित किया।

अंजुम/रा0/राजभवन